
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सफाई कर्मचारियों को 316 रू प्रतिदिन देना सुनिश्चित करें

**बैठक**

## केन्द्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने की सफाई कर्मियों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मनहर वल्जी भाई जाला की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में स्थानीय निकायों अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारियों से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आउटसोर्स एवं अन्य संगठनों यथा उपनल, सफाई समिति के माध्यम से तैनात किये गये सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 316 रू0 प्रतिदिन की दर से देना सुनिश्चित करें तथा शासनादेशानुसार जनवरी 2019 से वर्तमान तक का बड़ा हुआ पारिश्रमिक एरियर के रूप में सफाई कर्मचारियों को देना सुनिश्चित करें। बैठक में निर्देशित किया गया कि



केन्द्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मनहर वल्जी भाई जाला ने सफाई कर्मियों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए।

पढे लिखे सफाई कर्मचारियों को लिपिक, सुपरवाईजर व सफाई निरीक्षक पदों पर पदौन्नतिदेने के साथ ही पदौन्नति का वेतन मुहैया कराया जाय। उन्होंने विभिन्न स्थानीय निकायों में मृतक आश्रितों के मामलों में तेजी लाते हुए मृतक आश्रितों को सेवायोजित करने का कार्य भी तेजी से चलाया जाय।

उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों के आवास निर्माण हेतु पीएमएवाई के तहत् भूखण्ड उपलब्ध कराते हुए भवन निर्माण की कार्यवाही शुरू की जाय। उन्होंने राजस्व एवं निगम के अधिकारियों से सफाई कर्मियों के आवास हेतु भूमि का चयन करने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर उन्होंने सफाई कर्मचारियों को विभिन्न सफाई सम्बन्धी उपकरणों दस्ताने आदि गुणवत्ता के हिसाब से अच्छे हों उपलब्ध कराये जायं। उन्होंने ईपीएफ, ईएसआई, अवकाश, मेडिकल चौकअप, व सेफ्टी सम्बन्धी सफाई कर्मचारियों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने लेबर एक्ट एवं एमएस एक्ट 2013 का गहन अध्ययन करने के उपरान्त सफाई कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाएं निर्धारित समय में किया जाय तथा सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक माह वेतनपर्ची भी उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने स्थानीय निकाय के अधिकारियों को एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने साथ ही सफाई कर्मचारियों को बीमा, अटल आयुष्मान भारत आदि जैसी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य नगर आयुक्त, श्रम आयुक्त, शिक्षा तथा बैंक के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर बनाई गयी मॉनिटिरिंग कमेटी के साथ ही तहसील स्तर पर भी मॉनिटिरिंग कमेटी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के स्कील डेवलपमैन्ट सेवायोजन, छात्रवृत्ति तथा आवास जैसे विषयों पर फौरी तौर से कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में दिये।

## न्यूज डायरी

### वाहन की चपेट में आने से गुलदार के दो शावकों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी और टनकपुर में वाहन की चपेट में आने गुलदार के दो शावकों की मौत हो गई है। गुरुवार की सुबह मसूरी कैम्पटी रोड जीरो प्वाइंट के पास गुलदार के बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोनो मामलों में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार व शावकों के शव को अपने कब्जे में ले लिया है।मौके पर मौजूद लोगों ने मृत शावक की सूचना वन विभाग को दी। बताया जा रहा है किसी वाहन की टक्कर लगने से शावक की मौत हुई है। वन विभाग मामले की जांच में जुट गया है। बता दें कि पहले भी मसूरी के विभिन्न क्षेत्रों से कई शावक मृत पाए गए हैं। वहीं चंपावत जिले में टनकपुर के गैंडाखाली पूर्णागिरि मार्ग पर बीती रात रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गुलदार के तीन माह के शावक की मौत हो गई।

### दो बसों की आपस में टक्कर, नौ यात्री घायल

**संवाददाता** देहरादून। नई टिहरी जनपद में ऋषिकेश मोटरमार्ग पर रोडवेज बस और लोकल बस में आपस में टक्कर हो गई। जिसमें नौ यात्री घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह दस बजे के आसपास चंबा ऋषिकेश मोटर मार्ग पर सावली के पास भाटूसैण में यह हादसा हुआ। हादसे में घायल हुए लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा चंबा और नई टिहरी जिला अस्पताल में ले जाया गया है। रोडवेज की बस चंबा से ऋषिकेश की ओर आ रही थी और टीजीएमओ कि बस हरिद्वार से चंबा की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि सावली के पास रोडवेज बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करते समय उक्त बस को टक्कर मारी।

### सीएम 3 जनवरी को अल्मोड़ा जिले के दौरे पर

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 03 जनवरी को प्रातः 11:40 बजे देहरादून से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 12:40 बजे एसएसजे परिसर सिमकनी हैलीपैड़ पंहुचेंगे। 12:45 बजे वहां से प्रस्थान कर 12:50 वीपीकेएस संस्थान अल्मोडा पंहुचकर वीपीकेएस संस्थान अल्मोडा के सभागार में 12:50 बजे से 01:50 बजे तक जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद वहां से प्रस्थान कर सर्किट हाउस में 02:00 बजे से 02:30 बजे तक पत्रकार वार्ता करेंगे। 02:30 बजे से 03:00 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा।

# लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन की हुई आपात बैठक

**संवाददाता**

रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर) लघु व्यापारियों का सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन की एक आपात बैठक रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने की, संचालन नगर संयोजक जय सिंह बिष्ट ने किया।

बैठक में तय किया गया आगामी 20 जनवरी 2020 को वेंडर्स डे के मौके पर जन चेतना रैली का आयोजन किया जाएगा। जन चेतना रैली हर की पौड़ी से नगर निगम तक रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को संगठित कर आयोजित की जाएगी।

बैठक में यह भी तय किया गया प्रदेश भर में 10 जनवरी से 20 जनवरी तक सभी जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन राज्य फेरी नीति नियमावली को क्रियान्वयन करने जाने की मांग को दोहराया जाएगा।



लघु व्यापारियों की बैठक में संगठन विस्तार करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन, नगरीय फेरी नीति नियमावली का शासन आदेश 21 मई 2016 को राज्य के सभी नगर निगम सभी निकाय पंचायत क्षेत्रों में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को स्थापित किए जाने को लेकर शासन आदेश जारी किया जा चुका है।

राज्य के सभी निकायों के अधिकारियों के सुस्त रवैया लापरवाही की वजह से उत्तराखंड राज्य में राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम शुद्ध रूप से क्रियान्वित नहीं हो रहा है।

## पहाड़ी इलाकों में जमकर हुई बर्फबारी

**संवाददाता** गोपश्वर। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ ही बर्फबारी हुई वहीं, देवाल विकासखंड के वाण और लोहाजंग गांव में गुरूवार सुबह से दोपहर तक बर्फबारी हुई। उधर घाट विकासखंड के कनोल गांव में भी बर्फबारी देर शाम तक जारी रही। जबकि निचले इलाकों में कड़ाके की ठंड महसूस की गयी। जिससे लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। चमोली के पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी से ठंड में काफी इजाफा हो गया हैं।

शीतलहर ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में लोगों को अलाव का सहारा लेते हुए देखा जा सकता है। वहीं, ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद की सभी तहसीलों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उधर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली में भी हल्की बारिश हुई है। वहीं मौसम विभाग ने यहां बर्फबारी की भी संभावना जताई है, जबकि बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब में लगातार बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो ठंड में अभी और इजाफा होगा। वहीं, कोहरा भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

## एक्सपो में हथकरघा उत्पादों की बढ़ रही मांग



एक्सपो में खरीदारी करते लोग।

**संवाददाता** देहरादून। परेड मैदान में चल रहे हैंडलूम एक्सपो में हथकरघा उत्पादों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। बढ़ती ठंड के चलते एक्सूपो में राजस्थानी हथकरघा उत्पादों की खूब डिमांड है। राजस्थान जयपुर से आये छपोला हथकरघा के नारायण लाल के स्टाल में जयपुरी ड्रेस से लेकर जयपुरी साड़िया और रजाइयां और बच्चो की ड्रैस भी लोग खूब खरीद रहे है। हथकरघा बुनकर समूह लढ़ोरा द्वारा यहां पर पंखी, मफलर, शाल, स्वेटर आदि में ठंड बढ़ने से लोग गर्म कपड़ो की खूब खरीदारी कर रहे हैं। उत्पादों को लोग खूब खरीदते है।

# मेलाधिकारी ने की आई वेल, जल कूप, फाउंडेशन स्टोन की स्थापना

**शिलान्यास**

हरिद्वार। **संवाददाता**

हरिद्वार महाकुंभ मेला 2021 में पेयजल आपूर्ति हेतु मेलाधिकारी दीपक रावत ने आई वेल,जल कूप, फाउंडेशन स्टोन की स्थापना किया। 15 अगस्त 2020 तक इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। गौरी शंकर द्वीप में आज विधिवत पूजा पाठ कर इस परियोजना का शिलान्यास किया गया।

195 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो आई वेल जलकूप पेयजल परियोजना से कुम्भ क्षेत्र में



फाउंडेशन स्टोन की स्थापना करते मेलाधिकारी।

पेयजल आपूर्ति की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी।कुंभ मेला के लिये बनाये गए जलकूप की क्षमता एक घण्टा में 1.5 लाख लीटर है। इस परियोजना से 30 वर्षो तक कुम्भ क्षेत्र को लाभ मिलता रहेगा।

वही पेयजल अधिशाषी अभियंता मो मीसम के अनुसार बार कुम्भ में गौरी शंकर क्षेत्र का बढ़ेगा, जिसमे स्थाई रूप से रहने वाले लगभग 04 लाख लोगो को इसका लाभ मिल सकेगा।

इस अवसर पर अपर मेलाधिकारी हरबीर सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम मो मीसम एवम अन्य अधिकारी उपस्थित थे।